देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959
14 Oct 2022 - Page 6

सेवा भारती को मिला मोबाइल मेडिकल यूनिट

कोरबा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाज हित में सेवा कार्य हेतु प्रयासरत रहने वाली संस्था सेवा भारती को मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदाय किया गया है। इसका लोकार्पण क्रिक हिल फाउंडेशन पुणे की चेयरपर्सन अनुपमा काटकर के द्वारा किया गया। फाउंडेशन के द्वारा प्रदत्त मोबाइल मेडिकल यूनिट एंबुलेंस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। अब बाहरी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को इलाज या जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों या अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस एंबुलेंस में जांच से लेकर मरीज को दवाईयां तक दी जाएगी। इसके माध्यम से स्लम एरिया के लोगों, श्रमिक या बेघर प्रवासियों को चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मातृछाया में पल रही बच्ची को अपना घर मिला। नि:संतान दंपत्ति ने नियमों के अनुरूप उसे गोद लिया। विधिवत गोद भराई की रस्म उपरांत अतिथियों द्वारा शिशु को दंपत्ति के सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम में महापौर राजकिशोर प्रसाद, इंडियन मेडिकल एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ. एच आर प्रसाद, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा, पार्षद शैलेंद्र सिंह, सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. विशाल उपाध्याय, सचिव सुनील जैन, अभिषेक शर्मा, उमेश सोनी, किशोर बुटोलिया, ज्योति बुटोलिया आदि उपस्थित रहे।